## संपादकीय

# टमाटर नहीं, अबकी बार बम बरसे

वे पिछले चार सालों से इंच टेप लेकर छाती का माप लेते रहे। उन्हें कई बार फीता छप्पन इंच से ऊपर चढ़ता दिखाई दिया, लेकिन उन्होंने झट से फीता हटा लिया। वे नहीं चाहते थे कि किसी को पता चले कि अगला वास्तव में छप्पन इंची है। इंच-इंच मापने की और मीटरों लम्बे बयानों से कोसने की साजिश चलती रही।

जिस मुगालते में विपक्ष था, कुछ वही हाल आतंकियों और पाकिस्तानी सरकार का था। वे भी इस आशा में चैन की बंसी बजा रहे थे, कि अगला बावन-तिरेपन इंची है। क्या बिगाड़ लेगा अपना। जब आजादी के इतने वर्षों तक कोई न उजाड़ पाया, कोई न उखाड़ पाया। आतंकवाद की फसल लहलहाती चली जा रही है। अब भला कौन इसमें तेजाब फेंकने की हिम्मत दिखायेगा।

आतंकियों ने छेड़ने का म जारी रखा। लेकिन इस बार छेड़ने पर न छोड़ने की धमकी मिली। छप्पन इंची संस्कृति आ ोशित थी। छेड़ने की हद लांघी जा चुकी थी। हर बार की तरह इस बार कड़ी निंदा की गई। और एक्शन लेने की बात को जोर से उछाला गया। अगले के कानों में केवल कड़ी निंदा का स्वर गूंजा, क्योंकि वह दशकों से यही सुनता आ रहा था। हमले दर हमलों के बाद उसे कड़ी निंदा सुनना अच्छा लगता था। उसे कैमरे के सामने चहकते बयानवीर बहुत भाते थे। उसे लगा इस बार भी निंदा बम फोड़ा जायेगा। बयानों के जेट उड़ाये जाएंगे। नई सरकार थी। उसे लगा शायद थोड़ा-बहुत कुछ बदलाव हो सकता है। उसे प्रारम्भिक एक्शन से लगने भी लगा था। अब कड़ी निंदा की जगह टमाटर वार होगा। टमाटर के गोले छोड़े जाएंगे। बात थोड़ा आगे बड़ी। टमाटर से बढ़कर बात पानी के साथ बहनी शुरू हुई।

आतंकियों और सीमा पार वालों को लगा छप्पन इंच पानी की टोंटी बंद करके बदला लेगा। फिर पानी पर बहस होने लगी। सीमा के इस पार आ ोश के स्वर बुलन्द हुए। विपक्षी बयानी तीर छोड़ने लगे। तंज कसने लगे।

इस बार सेना और सरकार दोनों के छप्पन इंची सीने डोलने लगे। आतंकियों की पाठशाला मिटाने की तैयारी शुरू हुई। कड़ी निंदा के साथ एक्शन का डोज पिलाया गया। आतंकियों के आकाओं के कान खड़े हो गए। वायुसेना के विमानों से गिरे बम के गोलों ने आतंकियों के ठिकानों को नेस्तनाबूत कर दिया।

टमाटर वर्षा की आशा लगाये आतंकियों की समर्थक सरकार बम के गोलों की वर्षा से डरी-सहमी दिखाई दे रही है। न उगलते बन रहा है न निगलते। वे कुछ कहने की हिम्मत जुटा नहीं पा रहे हैं। कड़ी निंदा की आशा में बड़ी कार्यवाही से अब स्तब्ध है।

इधर सीमा के इस पार भी टुकड़े-टुकड़े गैंग के सीने पर सांप लौट रहा है। न कुछ कहते बन रहा है, न चुप रहते। कायर सरकार कहने वाले सरकार को शाबासी देने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। अवार्ड वापसी गैंग गहरे सदमे में हैं, जिन्हें भारत में डर लगता था वे अब शांत हैं। लोगों में सुगबुगाहट है छप्पन इंची, एक सौ छप्पन इंच की रफ्तार में है। आतंकियों के ठिकानों पर बम वर्षा से हर भारतीय का सीना छप्पन इंच की सीमा तोड़ चुका है।

# सरकार ने दी मंजूरी, बैंक अकाउंट-नए सिम के लिए आधार जरूरी नहीं

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बैंक खाता खोलने और मोबाइल फोन कनेक्शन के लिए पहचान पत्र के रूप में आधार के स्वैच्छिक इस्तेमाल की अनुमति देने के वास्ते अध्यादेश जारी करने को मंजूरी दे दी है. यह अध्यादेश इसलिए जरूरी था कि 4 जनवरी को लोकसभा में इससे संबंधित संशोधनों को पारित करने के बावजूद इससे जुड़ा विधेयक

राज्यसभा में अटक गया था. ऐसे में लोकसभा भंग होने के बाद यह निष्प्रभावी हो जाता.

इस अध्यादेश से आधार अधिनियम में संशोधन प्रभावी हो जाएंगे. केंद्रीय सूचना-प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि मंत्रिमंडल ने आधार एवं अन्य कानूनों में संशोधन को प्रभावी बनाने के लिए अध्यादेश लाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी. संशोधन में आधार के इस्तेमाल एवं निजता से जुड़े नियमों के उल्लंघन के लिए कड़े दंड का प्रावधान है. प्रसाद ने कहा, 'टेलीग्राफ अधिनियम एवं धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आधार का इस्तेमाल स्वैच्छिक तौर पर केवाईसी के लिए किया जा सकता है. आधार का इस्तेमाल करने वाली कंपनियों को निजता से जुड़े दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा.'

## व्हाट्सएप में आएगा एडवांस सर्च फीचर, फोटो और डॉक्मेंट को करेगा सपोर्ट

नई दिल्ली। इंस्टेंट मैसेजिंग एप व्हाट्सएप पर टेक्स्ट सर्च किया जा सकता है लेकिन फोटो, वीडियो, जीआईएफ या डॉक्यूमेंट सर्च करना हो तब क्या करेंगे। उसके लिए फाइल मैनेजर में जाकर खोजना पड़ता है जिसमें काफी अधिक समय लगता है लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। दरअसल, व्हाट्सएप नए सर्च फीचर पर काम कर रहा है जिसका नाम एडवांस सर्च है।फेसबुक के स्वामित्व वाला व्हाट्सएप इस फीचर की मदद से यूजर अलग-अलग प्रकार के मैसेज सर्च कर सकते हैं। व्हाट्सएप की जानकारी देने वाली वेबसाइट WABetaInfo की रिपोर्ट के मुताबिक, इस फीचर का अभी बीटा वर्जन पर परीक्षण किया जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक जल्द ही ये फीचर यूजर को व्हाट्सएप में नजर आने लगेगा।

## चीन से पाकिस्तान आने-जाने वाली फ्लाइट कैंसल

नई दिल्ली। चीन ने भारत-पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण हालात के मद्देनजर पाकिस्तान जाने वाली और वहां से आने वाली सभी फ्लाइट को रद्द कर दिया है. वहीं पाकिस्तानी एयरस्पेस से गुजरने वाली अपनी सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के मार्ग में बदलाव किया है. बीजिंग की सरकारी मीडिया की तरफ से शुक्रवार को इस बारे में जानकारी दी गई. भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के चलते पाकिस्तानी वायुक्षेत्र के बंद रहने से यूरोप और दक्षिण पूर्व एशिया के बीच कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें प्रभावित हुई हैं.

### हजारों हवाई यात्रियों पर असर पड़ा

चीन के पाकिस्तान को आने-जाने वाली फ्लाइट कैंसल करने से दुनियाभर में हजारों हवाई यात्री प्रभावित हुए हैं. ग्लोबल टाइम्स ने नागर विमानन विशेषज्ञों के हवाले से खबर दी है आम तौर पर पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र और भारत-पाक सीमा के ऊपर से गुजरने वाली पश्चिम एशिया से आने वाली उड़ानों को चीन में भारत, म्यांमा या मध्य एशिया के मार्ग से प्रवेश दिया जा रहा है.

# सोना 120 रुपये उतरा, चांदी 370 रुपये सस्ती

नई दिल्ली। वैश्विक स्तर पर दोनों कीमती धातुओं में रही गिरावट और स्थानीय जेवराती मांग की सुस्ती से दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 120 रुपये लुढ़ककर शुक्रवार को दो सप्ताह के निचले स्तर 34,080 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गया। सिक्का निर्माताओं के उठाव की नरमी से चाँदी भी 370 रुपये की गिरावट में 40,680 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गयी।

डॉलर में आयी तेजी से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दोनों कीमती धातुओं में गिरावट रही। लंदन का सोना हाजिर 5.85 डॉलर की गिरावट में 1,307.90 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। अप्रैल का अमेरिकी सोना वायदा भी 6.70 डॉलर की गिरावट के साथ 1,309.40 डॉलर प्रति औंस बोला गया। बाजार विश्लेषकों ने बताया कि अमेरिका के मजबूत आर्थिक आंकड़ों से मिले समर्थन के दम पर दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर में तेजी आयी है। डॉलर की तेजी का दबाव पीली धातु पर है।

## केएल राहुल के सपोर्ट में आए गांगुली, लेकिन साथ ही दिया ये बयान

नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने शुक्रवार (1 मार्च) को कहा कि लोकेश राहुल को घर से बाहर रन बनाने होंगे। गांगुली ने साथ में कहा कि युवा बल्लेबाज ऋषभ पंत देश का भविष्य हैं और उन्हें विश्व कप टीम में फिट होना चाहिए। गांगुली ने से कहा, मैं उनका (राहुल) समर्थन करने आया हूं। उन्हें घर से बाहर रन करने होंगे। वह बेहतरीन प्रतिभा के धनी हैं। आखिरी के दो टी-20 मैचों में उन्होंने शानदार खेल खेला था।

## नेट सत्र में एमएस धोनी की बांह में चोट लगी

हैदराबाद (आरएनएस)। पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मुकाबले से पहले शनिवार को भारतीय टीम के नेट सत्र के दौरान चोट लग गई। वह टीम के सहयोगी स्टाफ सदस्य राघवेंद्र से थ्रोडाउन ले रहे थे, तभी उनकी दाईं बांह के अगले हिस्से में चोट लग गई। पूर्व भारतीय कप्तान ने नेट में काफी लंबे समय तक बल्लेबाजी का अभ्यास किया। टीम के सभी खिलाड़ी अधिकारिक सत्र के बाद थ्रोडाउन ले रहे थे। राघवेंद्र की ऐसी ही एक गेंद धोनी की बांह के अगले हिस्से से लग गई।

## आज का राशिफल

**मेष:** नौकरी अथवा व्यवसाय में आप रेकॉर्ड तोड़ सफलता हासिल कर सकते हैं। किसी पुराने मित्र से मुलाकात संभव है। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के आसार हैं।

**वृषभ:** कार्यस्थल में किसी से उलझें ना, अनावश्यक वार्तालाप इसका कारण बन सकता है। घर पर खुशी का माहौल रहेगा।

**मिथुन:** जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। आलस्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अवरोधक होगा। मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ाएंगे।

**कर्क:** ऐसा कोई कार्य न करें, जो आपको बोझ मालूम पड़े, अनावश्यक विवाद हो सकता है। आप अपने किसी नजदीकी सहयोगी के कारण परेशानी में पड़ सकते है, ध्यान रखें।

**सिंह:** आप महत्वाकांक्षा या काम पर दिशा की कमी महसूस कर सकते हैं। आपको ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

**कन्या:** दैनिक मामलों में बेवजह की बहस सहयोगियों के साथ विवादों और झगड़े को जन्म दे सकती है।

**तुला:** ऑफिस में अपना धैर्य बनाए रखें। गुस्सा आपको नुकसान पहुंचा सकता है। उत्तर देते समय सावधानी बरतें।

**वृश्चिक:** आप इन दिनों काफी ऊंचे ख्यालों में खोए रहेंगे तथा कुछ कल्पनाएं आपके मन को परेशान कर सकती हैं।

**धनु:** व्यापार में सही समय पर लिए गए निर्णयों से लाभ होने की आशा है। स्वप्न हकीकत में बदल सकते हैं।

**मकर:** आज यदि आप अपनी रचनात्मक प्रतिभा को सही तरीके से इस्तेमाल करें तो वह काफी लाभदायक साबित हो सकती है। आपको जरा व्यावहारिक होने की जरूरत है, अति भावुकता आपको नुकसान पहुंचा सकती है।

**कुंभ:** आपको कार्य के दौरान कुछ चुनौतियां मिल सकती हैं। जिससे आपके ऊपर दबाव रहेगा। माता पक्ष से सहयोग प्राप्त होगा केवल संतान पक्ष से असंतोष मिल सकता है।

**मीन:** आप अपनी सोच और प्रतिभा के दम पर दूसरों को प्रभावित करेंगे। काम करने में सुख व सफलता प्राप्ति के योग हैं। परिवार में मामूली तनातनी की स्थितियां उत्पन्न होगी।

# पराशक्ति और सर्वोच्च देव हैं माता दुर्गा

देवी दुर्गा का निरूपण सिंह पर सवार एक निर्भय स्त्री के रूप में किया जाता है। वे आठ भुजाओं से युक्त हैं जिन सभी में कोई न कोई शस्त्रास्त्र होते है। उन्होने महिषासुर नामक असुर का वध किया। हिन्दू ग्रन्थों में वे शिव की पत्नी दुर्गा के रूप में वर्णित हैं। जिन ज्योतिर्लिंगों में देवी दुर्गा की स्थापना रहती है उनको सिद्धपीठ कहते है। ऐसी मान्यता है कि वहां किये गए सभी संकल्प पूर्ण होते है।

**प्रथम देव यानि ईश्वर**

हिन्दुओं के शाक्त साम्प्रदाय में भगवती दुर्गा को ही दुनिया की पराशक्ति और सर्वोच्च देवता माना जाता है क्योंकि शाक्त साम्प्रदाय ईश्वर को देवी के रूप में मानता है। वेदों में भी दुर्गा का व्यापक उल्लेख है, किन्तु उपनिषद में देवी का उमा हैमवती अर्थात हिमालय की पुत्री, उमा के रूप में उनका वर्णन किया गया है। पुराण में दुर्गा को आदिशक्ति माना गया है, क्योंकि उन्हें शिव की पत्नी कहा गया है जो आदिशक्ति का एक रूप हैं। शिव की उस पराशक्ति को प्रधान प्रकृति, गुणवती माया, बुद्धितत्व की जननी तथा विकार रहित बताया गया है।

**एक से अनेक**

एकांकी यानि एक रूप होने पर भी देवी अपनी माया शक्ति से संयोगवश अनेक हो जाती हैं। उस आदि शक्ति देवी ने ही सावित्री ब्रह्मा जी की पहली पत्नी, लक्ष्मी, और पार्वती और सती के रूप में जन्म लिया और ब्रह्मा, विष्णु और महेश से विवाह किया था।

यानि तीन रूप होकर भी दुर्गा आदि शक्ति एक ही हैं। देवी दुर्गा के स्वयं कई रूप हैं जो सावित्री, लक्ष्मी और पार्वती से अलग हैं। उनका मुख्य रूप गौरी है, जो शान्तिमय, सुन्दर और गोरा माना जाता है। उनका सबसे भयानक रूप काली है।

## कोहली को नंबर-4 पर बल्लेबाजी से समस्या नहीं, ऊपरी क्रम में आएंगे मैक्सवेल

हैदराबाद (आरएनएस)। कोई भी कप्तान अपने बल्लेबाजी क्रम को व्यवस्थित करना चाहता है और प्रतिद्वंद्वी कप्तान विराट कोहली और आरोन फिंच वर्ल्ड कप 2019 से पहले कुछ छोटे-छोटे बदलाव करने के लिए तैयार हैं। भारतीय कप्तान जहां जरूरत पड़ने पर नंबर-4 पर बल्लेबाजी करने के लिए तैयार हैं, वहीं ऑस्ट्रेलियाई कप्तान फिंच ने स्पष्ट किया कि टी20 सीरीज में जीत के नायक रहे ग्लेन मैक्सवेल बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आएंगे। हाल में भारतीय कोच रवि शास्त्री ने संकेत दिए थे कि कोहली विश्व कप में चौथे नंबर पर खेल सकते हैं और कप्तान ने शुक्रवार को कहा कि यह बड़ा मसला नहीं है।

## काले धन पर एसआईटी की सिफारिश, न हो 3 लाख से ऊपर नकद लेन-देन

नई दिल्ली। ब्लैक मनी पर गठित एसआईटी की सिफारिशें सरकार ने स्वीकार कीं तो लोग न तो 3 लाख रुपये से ज्यादा का नकद लेन-देन कर पाएंगे और न ही 15 लाख रुपये से ज्यादा कैश पास रख पाएंगे। एसआईटी ने वित्त मंत्रालय को इस संबंध में एक चिट्ठी लिखी है। चिट्ठी के मुताबिक, एसआईटी ने सरकार से कहा है कि ब्लैक मनी और उसके सॉर्स पर लगाम के लिए कैश में मोटी रकम रखने या लेनदेन पर तुरंत पाबंदी लगाई जाए। एसआईटी ने हाल में काला धन के खिलाफ अभियान में जब्त रकम के आधार पर सिफारिशें की हैं।

सूत्रों के अनुसार, एसआईटी की सिफारिशों को लोकसभा चुनावों से जोड़कर देखा जा रहा है। 2014 के लोकसभा चुनावों से पहले बीजेपी ने ऐलान किया था कि अगर वह सत्ता में आई तो देश-विदेश में भारतीयों के काले धन पर लगाम लगाई जाएगी।

सरकार ने कई नीतिगत फैसले भी लिए। ब्लैक मनी और बेनामी संपत्ति को लेकर कड़े कानून भी बनाए गए। इधर, वित्त मंत्रालय के उच्चाधिकारियों का कहना है कि एसआईटी की सिफारिशों पर विचार किया जा रहा है।

अभी लोकसभा चुनावों में कम ही समय बचा है। ऐसे में इन सिफारिशों पर कितनी जल्दी कोई फैसला लिया जाएगा, इस बारे में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता है।

## चावल के पकोड़े बनाने की विधि जानिए

सामग्री -

2 कप चावल(पके हुए)

2 हरी मिर्च(बारिक कटी हुई)

अदरक(कद्दूकस किया हुआ)

1/4 छोटा चम्मच अमचूर पाऊडर 1/4 छोटा चम्मच लाल मिर्च पाऊडर

1 टेबलस्पून हरा धनिया

1 कप बेसन

नमक स्वादअनुसार

तेल तलने के लिए

धनिया पाऊडर

बनाने का तरीका - सबसे पहले चावल में नमक, हरीमिर्च, अदरक, अमचूर पाऊडर, लालमिर्च पाऊडर और हरा धनिया डालकर अच्छी तरह से मिलाएं। अब इस मिश्रण के गोल या मनपसंद आकार के गोले बना लें। फिर बेसन में नमक, लालमिर्च, धनिया पाऊडर और पानी डालकर पकौड़ों के लिए घोल तैयार कर लीजिए। इसके बाद एक कड़ाही में तेल गर्म करें और चावल के तैयार किए गोल को बेसन में लपेट कर गर्म तेल में बाउन होने तक फाई कीजिए। अब पकौड़ों को प्लेट में नेपकिव पेपर पर निकाल लीजिए। चावल के गरम-गरम पकौड़े तैयार है। इन्हें आप हरी चटनी या सॉस के साथ सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य-94

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. शृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 93 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | ■ | स | र | ग | म | ■ |
| त्री | ■ | सी | ■ | ■ | क्षा | ■ | धु | र्री |
| ■ | सा | ह | स | ■ | ■ | ■ | र | ■ |
| स्वा | ग | त | ■ | स | म | झौं | ता | ■ |
| व | र | ■ | ■ | र | ■ | ■ | ■ | म |
| लं | ■ | वि | ला | स | ■ | ■ | दा | म |
| बी | न | ■ | ज | ■ | सा | मा | न | ता |
| ■ | ज | ■ | वा | हि | या | त | ■ | ■ |
| त | र | की | ब | ■ | ना | ■ | खा | ली |

## सू-दोकू-94

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.93 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |